(b) and (c) With the completion of the above bridge, the distance between Btala to Chandigarh via Hoshiarpur would be reduced by about 2.5 km. resulting in substantial time and energy saving of the people.

(d) Delay in completion of the bridge is mainly due to constraint oif funds.

भारतीय सड़क निर्माण निगम के अधीन निर्माण कार्य

2253. मौलाना ओबेदुल्ला खान आजमी : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय सड़क निर्माण निगम द्वारा पिछले वर्ष और चालू वर्ष के दौरान अब तक शुरु किए गए निर्माण कार्यों का ब्यौरा क्या है ; और

(ख) यह निगम अगले कुछ वर्षों के दौरान और कितने निर्माण कार्य शुरू करने का विचार रखता है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर) : (क) भारतीय सड़क निर्माण निगम लि० द्वारा पिछले वर्ष के दौरान तथा चालू वर्ष में अब तक किए गए निर्माण कार्यों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है । (नीचे देखिए) ।

(ख) अगले कुछ वर्षों में प्रारंभ किए जाने के लिए प्रस्तावित और निर्माण,कार्यों का ब्यौरा अभी से बता पाना संभव नहीं है ।

विवरण

भारतीय सड़क निर्माण निगम द्वारा किए गए निर्माण कार्यों का ब्यौरा

(करोड़ रु०)

क्र०सं०	परियोजना का नाम	संविदात्मक मूल्य
	गत वर्ष (1993-94) किए गए निर्माण कार्य :	
1.	असम में लोंगई पुल का निर्माण	1.85
2.	राउरकेला, भुवनेश्वर और इलाहाबाद में सेल परियोजनाओं के लिये प्रबंध परामर्शी सेवा	2.25
3.	एस०टी०सी० भवन में वी०आई०एफ० कार्यालय का आंतरिक विभाजन का निर्माण सजावट और कारपेट बिछाना ।	0.10
	चालू वर्ष (1994-95)	
1.	राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड कार्यालय परिसर गुड़गांव के लिये फर्नीचर उपलब्ध कराना और स्थापित करना ।	0.14
2.	राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड गुड़गांव में आंतरिक विभाजन, कृत्रिम छत,फर्शों और काउन्टरों आदि का निर्माण ।	0.13